# आदेश

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश संख्या डीज़ी–चार–स्था0–554/2022 दिनांक 24.11.2022 द्वारा म0आ0ना0पु0 पीएनओ 162734081 रागिनी देवी का अनुकम्पा के आधार पर जनपद अयोध्या से एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ किया गया स्थानान्तरण संशोधित करते हुये अब इन्हें जनहित के आधार पर जनपद अयोध्या से एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ 03 वर्ष के लिये सम्बद्ध किया जाता है। सम्बन्धित कर्मी अपनी आमद मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ में करायेंगे।

उक्त कर्मी का लियन उसके नियुक्ति जनपद में बना रहेगा तथा सम्बद्धता अवधि में इन्हें किसी भी प्रकार का दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। कर्मी के वेतन/भत्ते एवं सेवा सम्बन्धी अन्य लाभ उनके गहन जनपद द्वारा ही प्रदान किये जायेंगे।

यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्या:एएसपी–(ई–1)–(जनहित)–570/2022 दिनांक:06–12–2022** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA-570/2022/967 DT 06-12-2022

6/12/22
**(राहुल मिश्र)**
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना
नि0 पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक/स्थापना
उ0प्र0 लखनऊ।

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

चतुर्थ तल, (द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय,सेक्टर–7, गोमतीनगरविस्तार,उ0प्र0 लखनऊ–226002

**संख्या:–डीजी–चार–स्था0–(570)–2022/967** **दिनांक:दिसम्बर 06 ,2022**

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1– अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त कर्मी का आगमन मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ में कराते हुए उनके आगमन की सूचना से अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, उ0प्र0 एवं पुलिस उप महानिरीक्षक, एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ को अवगत कराने का कष्ट करें।

2– पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या।

3– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद अयोध्या को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त कर्मी को तत्काल कार्यमुक्त कर सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

**संख्या तथा दिनांक वही**

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित:–**

1– पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ ।

2– अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।

3– अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।

4– पुलिस उप महानिरीक्षक, एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।